हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

15 अक्तूबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृत्रिम मेधा के नैतिक इस्तेमाल का आहवान किया।
- श्री मोदी ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भारत के सुधार और नवाचार अकल्पनीय और असाधारण हैं।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि नमो ड्रोन दीदी पहल ने कृषि क्षेत्र में क्रांति का सूत्रपात किया है।
- हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के विधायक की बैठक कल होगी।
- बैठक में पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ० मोहन यादव मौजूद रहेंगे।
- हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के महानिदेशक डॉ० एल.सी. रंगा सर्वसम्मति से हरियाणा पशु चिकित्सा परिषद् के अध्यक्ष चुने गए।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृत्रिम मेधा के नैतिक इस्तेमाल का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि सुरक्षा, सम्मान और समानता सभी चर्चाओं के केंद्र में होनी चाहिए। आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ की विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा 2024 का उद्‌घाटन

करते हुए प्रधानमंत्री ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक फ्रेमवर्क की स्थापना के महत्व को भी दोहराया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दूरसंचार और उससे संबंधित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभी दुनिया का सबसे अधिक सक्रिय देश है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत 5जी का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और अब सरकार 6जी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश का लगभग हर जिला 5जी नेटवर्क से जुड़ा है। श्री मोदी ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भारत के सुधार और नवाचार अकल्पनीय और असाधारण हैं। श्री मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में मोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में केवल दो इकाई थी, लेकिन आज इनकी संख्या दो सौ से अधिक है। उन्होंने कहा कि अब भारत को मोबाइल निर्यातक के रूप में जाना जाता है और वह दुनिया को भारत में निर्मित फोन उपलब्ध करा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ाने के लिए अनेक अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नमो ड्रोन दीदी पहल ने ड्रोन के इस्तेमाल से कृषि के क्षेत्र में क्रांति का सूत्रपात किया है।

श्री मोदी ने इंडिया मोबाइल सम्मेलन के आठवें संस्करण का भी उद्घाटन किया।

****

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक कल होगी। जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। बैठक में पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा के लोगो द्वारा बी.जे.पी पर विश्वास जताने के लिए का धन्यवाद करते हुए कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों पर विश्वास करते हैं। बैठक में शामिल बी.जे.पी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने मीडिया से कहा कि पंचकूला के शालीमार मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। परसों भव्य शपथ ग्रहण समारोह होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईलावा एन.डी.ए के नेता व केंद्रीय नेता भी इस में शामिल होंगे।

****

हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डॉ.एल.सी.रंगा सर्वसम्मति से हरियाणा पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष चुने गए हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आज परिषद की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। हरियाणा पशु चिकित्सा परिषद में चार चयनित सदस्य, तीन नामित सदस्य और तीन पदेन सदस्य हैं। प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा पशु चिकित्सा परिषद का प्रमुख कार्य राज्य में पशु चिकित्सकों का पंजीकरण करना और उनके पंजीकरण रजिस्टर को बनाए रखना है। साथ ही, यह संस्था राज्य में पशु चिकित्सा व्यवसाय को विनियमित करती है और इस क्षेत्र

में उच्च नैतिक मानकों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा पंजीकृत पशु चिकित्सकों को समय-समय पर तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है, ताकि राज्य में पशु चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर बनाए रखा जा सके।

****

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक की पूरक और डी.एल.एड प्रथम प्रवेश वर्ष की परीक्षाएं कल से शुरू होंगी। परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक रहेगा। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि नकल पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए वार्षिक परीक्षाओं की भान्ति इस बार पूरक परीक्षाओं में भी प्रश्न-पत्रों पर अल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यू आर कोड और छुपे हुए सुरक्षा फीचर अंकित किए गए हैं। यदि किसी परीक्षार्थी या अध्यापक द्वारा पेपर बाहर भेज जाता है तो उसकी तुरन्त पहचान करके सम्बन्धित परीक्षार्थी, अध्यापक या अभिभावक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि सभी पात्र परीक्षार्थियों को अनुक्रमांक जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच आदि का प्रयोग वर्जित किया गया है।

****

हरियाणा के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा कल से 29 अक्टूबर तक रोजगार मेले व कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के प्रवक्ता ने बताया

कि इन रोजगार मेलों में 10 हजार युवाओं को रोजगार प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन मेलों में लगभग 200 औद्योगिक इकाइयां पहुंचेगी जो युवाओं को रोजगार मुहैया करवाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, प्रशिक्षकों व प्रभारियों को अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा गया है। इन रोजगार मेलों में हरियाणा के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन रोजगार मेलों में चयनित होने वाले सभी आईटीआई पास आउट का रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।

****